भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-952**

उत्तर देने की तारीख – 10/02/2025

## तेलंगाना में पीएम श्री योजना

**† 952. श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विशेषरूप से रंगा रेड्डी और विकाराबाद जिलों सहित तेलंगाना में पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के अंतर्गत आबंटित, स्वीकृत और उपयोग किया गया कुल बजट का ब्यौरा क्या है;
(ख) इन जिलों में उक्त योजना के अंतर्गत शामिल किए गए स्कूलों और प्रत्येक स्कूल को आबंटित की गई और इनके द्वारा उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;
(ग) योजना के कार्यान्वयन में प्रमुख उपलब्धियों और चुनौतियों सहित इन जिलों में योजना की वर्तमान स्थिति क्या है; और
(घ) क्या सरकार के पास पीएम श्री योजना के लाभों का दायरा बढ़ाकर इन्हें तेलंगाना में और अधिक स्कूलों तक पहुँचाने की कोई अतिरिक्त योजनाएं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क): वित्त वर्ष 2023-24 में तेलंगाना राज्य से पहले चरण में चयनित 543 स्कूलों के लिए कुल 398.69 करोड़ (239.21 करोड़ केंद्रीय अंश + 159.48 करोड़ राज्य का अंश) आवंटित किए गए हैं, जिनमें से कुल 99.67 करोड़ (59.80 करोड़ केंद्रीय अंश + 39.87 करोड़ राज्य अंश) का उपयोग किया जा चुका है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024-25 में तेलंगाना राज्य से पहले और दूसरे चरण में चयनित 794 स्कूलों के लिए कुल 447.64 करोड़ (268.58 करोड़ केंद्रीय अंश + 179.06 करोड़ राज्य का अंश) आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 123.31 करोड़ (73.99 करोड़ केंद्रीय अंश + 49.32 करोड़ राज्य का अंश) का उपयोग किया जा चुका है।

राज्य द्वारा प्रचार के अनुसार रंगा रेड्डी और विकाराबाद जिलों के लिए पीएम श्री योजना के अंतर्गत आवंटन और व्यय निम्नानुसार हैं:

| ज़िला | आबंटन<br>(करोड़ में)<br>(वित्त वर्ष 2023-24) | व्यय<br>(करोड़ में)<br>(वित्त वर्ष 2023-24) | आबंटन<br>(करोड़ में)<br>(वित्त वर्ष 2024-25) | व्यय<br>(करोड़ में)<br>(वित्त वर्ष 2024-25) |
|---|---|---|---|---|
| रंगा रेड्डी | 0.93 | 0.77 | 6.84 | 1.15 |
| विकाराबाद | 0.60 | 0.53 | 3.62 | 0.40 |
| **कुल** | **1.53** | **1.30** | **10.46** | **1.55** |

(ख): वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए आवंटन और उपयोग के साथ-साथ रंगारेड्डी और विकाराबाद जिलों में पीएम श्री योजना का स्कूलवार ब्यौरा अनुलग्नक में संलग्न है।

(ग): पीएम श्री स्कूलों का चयन पारदर्शी चुनौती विधि के माध्यम से किया जाता है, जिसमें स्कूल ऑनलाइन चैलेंज पोर्टल पर स्वयं आवेदन करते हैं, और राज्य जिला सत्यापन के बाद स्कूलों की सिफारिश करता है। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, विशेषज्ञ समिति राज्य द्वारा अनुशंसित स्कूलों में से चयन करती है। तेलंगाना के लिए पीएम श्री स्कूल चयन प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की गई है। पीएम श्री स्कूल चयन का पहला चरण वर्ष 2023 में पूरा किया गया। चयन का दूसरा चरण वर्ष 2024 में आयोजित किया गया। तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में कुल 41 पीएम श्री स्कूल और विकाराबाद जिले में 30 पीएम श्री स्कूल चुने गए हैं।

स्कूलों के चयन के बाद, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/केविसं/नविस प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं, जिनका मूल्यांकन और अनुमोदन परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/ केविसं/नविस के परामर्श से योजना के तहत वित्तीय और कार्यक्रम संबंधी मानदंडों के अनुसार किया जाता है, जिसमें पीएम श्री स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी घटकों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। तेलंगाना के सभी पीएम श्री स्कूलों के लिए वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएबी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है। पीएम श्री योजना के तहत स्कूलों के लिए वित्तीय मानदंडों के अनुसार निधियां जारी की जा रही हैं।

वित्त मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकार केंद्रीय अंश की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर केंद्रीय अंश के साथ-साथ राज्य के अनुरूप हिस्से को भी एसएनए खाते में अंतरित कर देगी। तथापि, वित्त वर्ष 2024-25 में तेलंगाना राज्य को पहली किस्त में जारी निधि को राज्य के खजाने से पीएम श्री योजना के एसएनए खाते में अंतरित करने में देरी हुई। राज्य सरकार की इस देरी से पीएम श्री योजना के कार्यान्वयन को काफी प्रभावित हुआ है। इसके अलावा, राज्य सरकार को पहले जारी की गई निधि (केंद्र और राज्य दोनों अंश) का कम से कम 75% उपयोग करना होगा और उसके बाद दूसरी किस्त जारी करने का प्रस्ताव भेजना होगा। राज्य को इन अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 में पीएम श्री योजना के तहत दूसरी किस्त जारी करने का प्रस्ताव अभी प्रस्तुत करना है।

(घ): पीएम श्री स्कूलों का चयन पारदर्शी चुनौती पद्धति के माध्यम से किया जाता है। पूरे भारत में कुल स्कूलों की संख्या की अधिकतम सीमा अर्थात 14,500 के साथ प्रति ब्लॉक/यूएलबी अधिकतम दो स्कूल (एक प्राथमिक और एक माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक) का चयन किया जा सकता है। तेलंगाना राज्य से पीएम श्री स्कूल चयन के पहले और दूसरे चरण में कुल 794 स्कूलों का चयन किया गया है।

*****

**अनुलग्नक**

**"तेलंगाना में पीएम श्री योजना" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी द्वारा पूछे गए दिनांक 10.02.2025 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 952 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए आवंटन और उपयोग के साथ रंगा रेड्डी जिले में पीएम श्री स्कूल-वार ब्यौरा**

(राशि रुपए में)

| **क्र.सं.** | **स्कूल के नाम** | **आवंटित राशि (वित्त वर्ष 2023-24) (रुपए में)** | **किया गया व्यय (वित्त वर्ष 2023-24)** | **आवंटित राशि (वित्त वर्ष 2024-25)** | **किया गया व्यय (वित्त वर्ष 2024-25)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जेडपीएचएस थरामाटिपेट | 99,939 | 99,939 | 14,73,350 | 4,46,000 |
| 2 | एमपीपीएस इंजापुर | 99,939 | 99,939 | 4,91,500 | 75,000 |
| 3 | जेडपीएचएस बडंगपेट | 99,939 | 99,939 | 9,43,990 | 2,27,000 |
| 4 | टीएसएमएस चेवेल्ला और जूनियर कॉलेज | 99,939 | 99,939 | 12,72,570 | 2,18,294 |
| 5 | केजीबीवी चौडरगुडा | 75,000 | 75,000 | 75,02,005 | - |
| 6 | जेडपीएचएस चिनचोड | 99,939 | 99,939 | 11,43,690 | 3,08,000 |
| 7 | एमपीपीएस हैदराबादकोटे | 75,000 | 75,000 | 6,84,000 | 3,22,500 |
| 8 | एमपीपीएस मणिकोंडा | 99,939 | 99,939 | 33,06,500 | 3,29,000 |
| 9 | जेडपीएचएस नरसिंघी | 99,939 | 99,939 | 75,91,476 | 1,36,000 |
| 10 | एमपीयूपीएस उप्पारीगुडा | 75,000 | 75,000 | 3,12,000 | 75,000 |
| 11 | जेडपीएचएस कडथल (लड़के) | 99,939 | 99,939 | 24,99,740 | 12,56,680 |
| 12 | टीएसएमएस नेदुनूर | 99,939 | 99,939 | 17,34,290 | 99,861 |
| 13 | जेडपीएचएस कोठापेट | 99,939 | 99,939 | 7,85,670 | 2,82,000 |
| 14 | जेडपीएचएस कोंडुर्ग | 99,939 | 99,939 | 17,99,050 | 8,59,740 |
| 15 | जेडपीएचएस इरविन | 99,939 | 99,939 | 17,81,720 | 11,81,000 |
| 16 | जेडपीएचएस महेश्वरम | 99,939 | 99,939 | 7,06,800 | 1,11,000 |
| 17 | जेडपीएचएस राविरयाल (बी) | 99,939 | 99,939 | 15,47,770 | 86,000 |
| 18 | जेडपीएचएस अरुतला | 99,939 | 99,939 | 5,33,110 | 4,21,500 |
| 19 | त्सवेरिस चिल्कुर | 99,939 | - | 7,37,500 | - |
| 20 | जेडपीएचएस नंदीगाम | 99,939 | 99,939 | 7,54,140 | 3,82,500 |
| 21 | जेडपीएचएस शिवरामपल्ली | 1,50,000 | 1,50,000 | 65,07,505 | 75,000 |
| 22 | जेडपीएचएस कोथुर | 99,939 | 99,939 | 36,17,580 | 7,29,000 |
| 23 | टीएसएमएस शबद | 99,939 | 99,939 | 12,08,010 | 3,19,933 |
| 24 | टीएसएमएस शमशाबाद (पालमकोले) | 99,939 | 99,939 | 13,19,430 | 3,09,815 |
| 25 | जेडपीएचएस जनवाड़ा | 99,939 | 99,939 | 5,87,190 | 5,49,000 |
| 26 | ज़ेडपीएचएस वेलजला | 75,000 | 75,000 | 9,93,920 | 4,22,000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 27 | जेडपीएचएस नंदीवाना पार्टी | 99,939 | 99,939 | 15,23,400 | 1,66,000 |
| 28 | जेडपीएचएस रागन्नागुडा | - | - | 7,49,060 | 55,000 |
| 29 | जेडपीएचएस पेद्दा अंबरपेट | - | - | 7,45,870 | 1,00,000 |
| 30 | जेडपीएचएस जिल्लेल गुडा | - | - | 15,91,270 | 46,000 |
| 31 | जेडपीएचएस बालापुर | - | - | 8,73,870 | - |
| 32 | जेडपीएचएस बरगुल | - | - | 6,16,870 | 40,000 |
| 33 | जेडपीएचएस मानिकोंडा | - | - | 16,71,300 | 1,20,000 |
| 34 | केजीबीवी किस्मतपुर | - | - | 4,84,600 | - |
| 35 | जेडपीएचएस कोंगाराकलां | - | - | 4,57,100 | 1,64,745 |
| 36 | एमपीपीएस इनमुलनरवा | - | - | 8,85,600 | - |
| 37 | जेडपीएचएस अजीज नगर | - | - | 7,64,890 | 1,26,000 |
| 38 | जेडपीएचएस सरलिंगमपल्ली | - | - | 15,32,260 | 1,76,000 |
| 39 | जेडपीएचएस शबद (बी) | - | - | 6,39,910 | 1,01,000 |
| 40 | जेडपीएचएस नारखुदा | - | - | 8,72,390 | 1,00,000 |
| 41 | टीएसएमएस शंकरपल्ली | - | - | 9,69,820 | 59,342 |
| | **कुल (रु. में)** | **26,48,658** | **25,48,719** | **6,62,12,716** | **1,04,75,910** |

**वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए आवंटन और उपयोग के साथ विकाराबाद जिले में पीएम श्री स्कूल-वार ब्यौरा**

राशि रुपये में.

| क्र.सं. | स्कूल के नाम | कुल आवंटित राशि | किया गया व्यय | कुल आवंटित राशि | किया गया व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टीएसएमएस बंटवाराम | 3,37,439 | 4,10,539 | 12,80,080 | 4,81,500 |
| 2 | जेडपीएचएस बशीराबाद गर्ल्स | 2,77,939 | 1,58,839 | 6,68,990 | 1,00,000 |
| 3 | एमपीयूपीएस चिलममेलवार | 2,35,939 | 2,76,139 | 5,10,000 | 1,06,000 |
| 4 | जेडपीएचएस धारूर | 2,45,939 | 2,81,900 | 5,89,140 | - |
| 5 | जेडपीएचएस दिरसम्पाली | 2,22,439 | 2,53,439 | 10,48,640 | 1,53,000 |
| 6 | एमपीपीएस (जी) दौलताबाद | 3,32,439 | 1,24,139 | 6,62,000 | 37,500 |
| 7 | जेडपीएचएस रुद्राम | 2,42,939 | 2,60,439 | 16,34,350 | 3,44,000 |
| 8 | जेडपीएचएस कोटपल्ली | 2,67,439 | 1,54,439 | 6,20,260 | 2,59,000 |
| 9 | टीएसएमएस मुजाहिन्दुपुर | 3,42,939 | 4,17,964 | 18,88,430 | 2,52,700 |
| 10 | जेडपीएचएस मार्पल्ली कलां | 1,94,439 | 2,19,439 | 4,17,390 | - |
| 11 | जेडपीएचएस मेकवनमपल्ली | 2,78,939 | 3,25,439 | 12,19,530 | 94,655 |
| 12 | केजीबीवी नवाबपेट | 2,08,000 | 1,19,995 | 39,01,000 | - |
| 13 | केजीबीवी नस्कल | 1,96,500 | 1,16,900 | 40,06,000 | - |
| 14 | त्स्वेरीस तुंकुलगड्डा | 3,10,939 | - | 12,56,275 | - |
| 15 | टीएसएमएस पेडेमुल | 2,58,439 | 3,08,339 | 15,57,700 | 2,49,270 |
| 16 | टीएसएमएस पुदुर येनकेपल्ली | 3,30,439 | 4,02,839 | 19,08,790 | 4,06,500 |
| 17 | टीएसएमएस तंदूर | 3,50,939 | 4,14,185 | 13,03,930 | 15,000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | शासकीय हाई स्कूल नंबर एक तंदूर | 3,36,439 | 1,98,139 | 8,58,980 | - |
| 19 | एमपीपीएस फुलमद्दी | 3,07,500 | 86,400 | 4,37,000 | 72,500 |
| 20 | त्सरेइस विकाराबाद | 3,44,439 | 4,07,539 | 9,10,500 | - |
| 21 | टीएसडब्ल्यूआरईआईएस (जी) स्कूल | 3,43,939 | 3,48,439 | 11,87,500 | - |
| 22 | जेडपीएचएस बॉमरास्पेट | - | - | 10,20,890 | - |
| 23 | टीएसएमएस नवाबपेट(दाथापुर) | - | - | 7,99,720 | 2,16,000 |
| 24 | जेडपीएचएस यालाल (लड़के) | - | - | 9,09,680 | 20,450 |
| 25 | टीएसआरआईआईएस तंदूर | - | - | 9,47,600 | 1,28,000 |
| 26 | जेडपीएचएस (बी) पेडेमुल | - | - | 7,68,190 | 1,29,843 |
| 27 | जेडपीएचएस दादापुर | - | - | 7,18,430 | 1,36,000 |
| 28 | जेडपीएचएस चौदापुर | - | - | 6,50,630 | 2,92,000 |
| 29 | जेडपीएचएस गोकाफसलवाड | - | - | 5,75,170 | - |
| 30 | एमपीपीएस पथकोदंगल | - | - | 6,88,600 | - |
| | **कुल** | **59,66,402** | **52,85,490** | **3,49,45,395** | **34,93,918** |

*****